which is not shareable with the Stale Governments. However, to compensate the State Governments several new schemes have been introduced. The States' share of net small savings was also increased from 66. 66 per cent t$ 75 per cent with effect from 1-4-1987. In the case of Maharashtra loans are being sanctioned against withdrawals from Post Office Time Deposits by the Non-Exempted Employees Pro vident Fund. As a result of these steps the share of all State Govern ments including Maharashtra has shown a progressive increase.

**बोकारो इस्पात संयंत्र का विस्तार**

*314. **श्री राम अवधेश सिंह:** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बोकारो इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता बढ़ा कर 10 मिलियन टन करने के लिए इसका विस्तार किये जाने का कोई विचार है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान :** (क) जी, नहीं

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

*315. [*Transferred to the 7th September, 1990*]

**मलेशिया के अतिरिक्त अन्य देशों से रबड़ के आयात पर रोक**

*316. **श्री अनंतराम जायसवाल:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि टायर निर्माण एककों द्वारा मलेशियायी रबड़ को अन्य देशों से आयातित रबड़ की तुलना में प्राथमिकता दिये जाने के कारण केरल के रबड़ प्रोसेसिंग कारखानों में मलेशिया से भिन्न देशों से आयात किया गया 20 करोड़ रुपये मूल्य का 5000 टन रबड़ बेकार पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार मलेशिया के अतिरिक्त अन्य देशों से रबड़ के आयात पर तत्काल रोक लगाने का विचार रखती है; और

(ग) क्या सरकार को केरल रबड़ मार्किटिंग फ़ेडरेशन से इस संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरंगिल श्रीधरन) :** (क) उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उद्गम देश के आधार पर क्वालिटी को प्राथमिकता दिये जाने के आधार पर केरल में किसी भी संसाधक या विनिर्माता के पास आयातित रबड़ के अप्रयुक्त रहने की कोई संभावना नहीं है।

(ख) आयातित रबड़ का प्रमुख भाग केवल मलेशिया से आता है। परन्तु इस समय सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है कि मलेशिया को छोड़कर अन्य देशों से रबड़ के आयात पर प्रतिबन्ध लगाया जाए।

(ग) सरकार को इस संबंध में केरल रबड़ विपणन परिसंघ से कोई अभ्यावेदन नहीं मिला है।

**Deportation of Shri Win Ohadha**

#•817. SHRI A. G. KULKARNI: SHRI VISHWARAORAMRAO PATIL:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention lias been drawn to the news-item which appeared in the Times of India. Bombay, dated 28th June, 1990 under the Qaptioni '. Talks on to deposit Chadha"; if so when Shri Win Chadha visited India last and how he was permitted to go abroad when various

©Previously Starred Question 197 transferred from the 22nd August, 1990.

MMERCE.